कैप्टन जेन ज़िन्दाबाद!

सैम रेविन
चित्र: एमिली अर्नोल्ड मैकुलली

कैप्टन जेन ज़िन्दाबाद!

सैम रेविन
चित्र: एमिली अर्नोल्ड मैकुलली

जेन एक पार्टी में गई और वहां से तीन पैकेट लेकर घर आई.
उसका छोटा भाई, साइमन, उससे दरवाजे पर मिला.
"उन सभी पैकेट में क्या है?" उसने पूछा.
"पुरस्कार," जेन ने कहा. जेन बहुत गौरवान्वित दिख रही थी. "मैंने उन्हें पार्टी में जीता."
"उन्हें खोलो, उन्हें खोलो!" साइमन ने कहा. "चलो देखें उनके अंदर क्या है"
जेन ने पहले सबसे छोटा पैकेट खोला. उसमें जेली बीन्स मिठाई थीं.
"क्या मैं सभी काली जेली बीन्स ले सकता हूँ?" साइमन ने पूछा.
"नहीं," जेन ने कहा. "मुझे भी काली जेली बीन्स पसंद हैं."
फिर उसने सबसे बड़ा पैकेट खोला और उसमें मुड़े हुए मोमिया कागज़ से बनी एक टोपी निकाली.
"एक नाविक की टोपी!" साइमन ने कहा. "क्या वो मुझे मिल सकती है?"
"नहीं," जेन ने कहा. "वो मेरी है!" और फिर जेन ने वो टोपी पहन ली.

तीसरे पैकेज के अंदर सफेद सुगंधित साबुन था, जिस पर "ब्यूटी सोप" छपा था.

"साबुन!" साइमन रोया. "यह क्या मूर्खतापूर्ण पुरस्कार है!"

लेकिन जेन अपने सभी पुरस्कारों से प्रसन्न थी. उसने जेली बीन्स खाईं, साबुन सूँघा और बाकी पूरे दिन टोपी पहने रही.

उस को रात नहाते समय भी वो टोपी पहने थी.

वो नहाने के टब में भी "ब्यूटी सोप" लेकर गई.

"वो तैरता है!" उसने खुशी से सोचा. उसने साबुन को डुबाने की कोशिश की, लेकिन साबुन फिर से उछल कर ऊपर आ गया. वो साबुन उसके हाथ से लगातार फिसलता रहा.

जब वो "ब्यूटी सोप" को पकड़ने के लिए झुकी तो उसकी टोपी पानी में गिर गई. वो टोपी को दोबारा पहनने ही वाली थी कि उसने देखा कि टोपी एक छोटे जहाज की तरह तैर रही थी. जेन जहाज़ को आगे बढ़ा सकती थी. जब वो अपने हाथों से पानी को हिलाती थी, तो जहाज उसके आदेश पर आगे बढ़ने लगता था.

जेन ने कहा, "मैं इसे और तेजी से आगे बढ़ा सकती हूं." वो तब तक टब की गहराई में डूबी जब तक पानी उसकी ठुड्डी तक नहीं आ गया. फिर उसने अपने पैरों को चलाया और हल्की-हल्की लहरें बनाईं. जहाज उसकी ओर तेजी से, और तेजी से बढ़ने लगा. जैसे-जैसे जहाज़ करीब आता गया, वो बड़ा, और बड़ा दिखने लगा.

टक्कर! फिर जहाज़ उसकी ठुड्डी से आकर छुआ. अचानक टब का पानी एक महान महासागर बन गया.

जहाँ तक उसकी निगाह गई जेन को मीलों-मील तक पानी ही दिखाई दिया.

उसे पता था कि वो एक समुद्री जहाज के डेक पर खड़ी थी - कप्तान के पुल पर, पानी के ऊपर. और उसने पीतल के बटनों वाली नीली वर्दी पहन रखी थी.

जेन ने नीचे डेक पर देखा. वहां पर हर जगह बच्चे ही बच्चे थे.

लड़के और लड़कियाँ हँस रहे थे, दौड़ रहे थे, पकड़म-पकड़ी खेल रहे थे, रोलर स्केटिंग कर रहे थे, रस्सी कूद रहे थे.

पुल से भी जेन उनकी आवाजें सुन सकती थी.

नाविक की वर्दी में एक लड़की जहाज़ के शीर्ष पर ड्यूटी पर थी. जेन खुश थी कि उससे बात करने के लिए वहां कोई था.

"तुम्हारा नाम क्या है?" जेन ने जहाज़ का स्टीयरिंग पकड़ी लड़की से पूछा.

"केट, समुद्री महिला अफसर फर्स्ट क्लास" लड़की ने उत्तर दिया.

"मेरा नाम जेन है "

"थैंक्स, कैप्टन," प्रथम श्रेणी की समुद्री महिला अफसर केट ने कहा.

कैप्टन जेन ने चारों ओर देखा. "देखो, मैं इस जहाज की कप्तान हूं. बेहतर होगा कि मैं अपने काम में व्यस्त हो जाऊं."

फिर जेन ने अपनी मेज पर एक बटन दबाया. तुरंत ही एक नाविक प्रकट हुआ. वो बिल्कुल उसके भाई साइमन जैसा दिखता था. उसने चतुराई से सलाम किया और सावधान होकर खड़ा हो गया. "आपकी सेवा में, कप्तान," उसने कहा.

कुछ देर सोचने के बाद जेन ने कहा, "कृपया मेरे लिए कुछ काली जेली बीन्स लाओ."

"ठीक है कैप्टन," नाविक ने कहा. "मैं काली जेली बीन्स तुरंत लाया!"

जब वो लौटा तो जेन ने कहा, "फर्स्ट अफसर को पुल पर आने के लिए कहो." फर्स्ट अफसर तुरंत हाज़िर हुआ. "कृपया यहां खड़े होकर निगरानी करें," जेन ने आदेश दिया. "पहले मैं अपने जहाज का निरीक्षण करना चाहती हूं. सबसे पहले मैं बैरोमीटर, थर्मामीटर और स्पीडोमीटर की जांच करूंगी, फिर रडारस्कोप, दूरबीन और थर्मोस्कोप की जांच करूंगी."

जेन ने अपना निरीक्षण मुख्य डेक के नीचे, इंजन रूम से शुरू किया. जब वो वहां से गुजरी तो जहाज की मशीनरी चलाने वाले लड़के और लड़कियों ने उसे सलाम किया.

जैसे ही वह एक डेक से दूसरे डेक पर गई, बच्चे उसके चारों ओर इकट्ठा हो गए. उसने उन सभी को काली जेली बीन्स दीं.

"कैप्टन," बच्चों में से एक ने कहा, "क्या मैं आपकी तस्वीर खींच सकता हूँ?"

"ठीक है..." जेन ने कहा, "लेकिन मैं अभी कुछ व्यस्त हूं."

"कृपया!" लड़के ने कहा. "मैं समुद्री जहाज़ की पहली महिला कप्तान की तस्वीर लेना चाहता हूं."

जब लड़का जेन की तस्वीर ले रहा था, तभी लाउडस्पीकर पर एक आवाज़ आई: "कैप्टन! पुल पर आपकी तुरंत ज़रूरत है!"

जेन वापस पुल की ओर दौड़ी. फर्स्ट अफसर अपने स्पाईग्लास से क्षितिज का निरीक्षण कर रहा था. वो कुछ चिंतित लग रहा था.

"कैप्टन," उसने कहा, "आगे समुद्र में एक हिमखंड गिरा हुआ है."

जेन ने एक स्पाईग्लास उठाया और हिमखंड का अध्ययन किया. वो उसे कुछ परिचित लगा.

"वो लगभग हमारे जहाज जितना ही बड़ा है!" फर्स्ट अफसर चिल्लाया. "और हम उससे टकराने जा रहे हैं! क्या हमें अपनी दिशा नहीं बदलनी चाहिए, कप्तान?"

स्पाईग्लास के माध्यम से, जेन को हिमखंड पर कुछ अक्षर दिखाई दिए.

"नहीं," उसने शांत स्वर में कहा. "बढ़ते रहो. मैं उसे और करीब से देखना चाहती हूँ"

अचानक नीचे डेक पर मौजूद बच्चे बहुत शांत हो गए.

उन्होंने दौड़ना और खेलना बंद कर दिया और इंतज़ार में खड़े रहे.

"आगे एक हिमखंड है," वे फुसफुसाए. जहाज हिमखंड के करीब और करीब जा रहा था. जल्द ही जेन शब्दों को पढ़ सकती थी

"ब्यूटी सोप"

उसने एक अजीब आदेश दिया. "फायर ब्रिगेड के पाइप तैयार करो!"

"सभी अग्निशमन पाइप तैयार हैं!" फर्स्ट अफसर ने लाउड-स्पीकर पर दोहराया. "इंजन बंद करो!" जेन ने आदेश दिया. इंजन बंद हो गये और जहाज की गति धीमी होने लगी.

वे लगभग हिमखंड पर थे और टकराव से बचना अब असंभव लग रहा था.

"हिमखंड पर पानी की धारें मारो!" जेन का अगला आदेश था. जहाज़ की सभी नलियां हिमखंड की ओर घूम गईं.

पानी की शक्तिशाली धाराएँ बहने लगीं. जेन को छोड़कर सभी को आश्चर्य हुआ, हिमखंड पिघलने लगा और किनारे की ओर बहने लगा.

उसी समय, विशाल बुलबुलों के बादल हवा में उठे - सैकड़ों और सैकड़ों बड़े चमकीले रंग के बुलबुले.

सब लोग अब खतरे से बाहर थे!

"अत्यधिक तेज़ गति के साथ आगे बढ़ो!" जेन ने आदेश दिया.

जैसे-जैसे जहाज आगे बढ़ा, बुलबुले डेक पर तैरने लगे.

चमकते और घूमते हुए, वे गुब्बारों की बारिश की तरह नीचे आये.

बच्चे उन बड़े बुलबुलों का पीछा करने लगे. वे हँसे और चिल्लाए और उन्होंने उन्हें अपने हाथों से उछाला, उन्हें अपने सिर पर उछाला, और उन्हें एक-दूसरे पर फेंका.

"कैप्टन जेन के लिए हुर्रे!" वे चिल्लाए. "हुर्रे!"

जय-जयकार सुनकर जेन मन-ही मन-मुस्कुराई. लेकिन अब यंत्रों पर फिर से नजर डालने का समय आ गया था. "अब मुझे बैरोग्राफ़, थर्मोग्राफ़ और ग्राफ़ोग्राफ़ की जांच करनी चाहिए," जेन ने कहा. वो प्रसन्न थीं क्योंकि सब कुछ ठीक-ठाक था.

"मुझे एक मुश्किल जहाज चलाना पसंद है," उसने अपने फर्स्ट अफसर से कहा. फिर उसने देखा कि ग्राफ़ो-ग्राफ़ के ठीक बगल में एक चमकदार पीतल का हैंडल था जिसे उसने पहले कभी नहीं देखा था.

"यह क्या है?" उसने कहा, और उसने हैंडल को दाहिनी ओर घुमा दिया.

एक तेज़ गड़गड़ाहट की आवाज़ आई और समुद्र गायब हो गया.

जेन ने खुद को एक खाली टब में बैठा हुआ पाया. उसके बगल में साबुन की टिक्की थी – जिसका अब केवल एक पतला टुकड़ा बचा था - और मोमिया कागज की टोपी थी.

जेन ने टोपी पहनने की कोशिश की, लेकिन वो उसके हाथों में खुल गई. वो उसे फिर से नाविक की टोपी में मोड़ना चाहती थी. लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी वो उसे उस आकार में नहीं मोड़ पाई जैसी वो पहले थी.

उसकी बजाए, अब वो टोपी बिल्कुल पायलट की टोपी की तरह लग रही थी.

"ओह" जेन ने कहा, "शायद अगली बार मैं जेट विमान का कप्तान बनूंगी."